**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**27.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00 बजे**

**डॉक्टर हड़ताल**

आई.जी.एम.सी शिमला सहित प्रदेश भर में रेजिडेंट डॉक्टर आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर बुरा असर पड़ा है। हालांकि राज्य सरकार के सख्त निर्देशों के बाद आई.जी.एम.सी शिमला में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर ओपीडी में मरीजों को देख रहे हैं। रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन की हड़ताल के बाद रूटीन ऑपरेशन बंद कर दिए गए हैं जबकि आपातकालीन ऑपरेशन जारी हैं। रेजिडेंट डॉक्टरों ने आज आईजीएमसी में विरोध प्रदर्शन किया और डॉक्टर राघव की बर्खास्तगी को रद्द करने की मांग की। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर सोहेल शर्मा ने कहा कि इस बर्खास्तगी को लेकर प्रदेश भर के डॉक्टरों में खासा रोष है और वे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से डॉक्टर राघव की बर्खास्तगी को तुरंत रद्द करने की मांग की है।

इस बीच हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ और डेंटल कॉलेज के डॉक्टरों ने भी इस हड़ताल को अपना समर्थन दिया है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू आज दिल्ली दौरे पर हैं। इस दौरान वे दिल्ली में होने वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में हिस्सा ले रहें हैं। इस बैठक में पार्टी देश के मौजूदा राजनीतिक स्थिति, संगठनात्मक मजबूती और आगामी चुनावों की रणनीति पर मंथन कर रही है।

**वैष्णव–इलेक्ट्रॉनिक्स**

सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में सातवें स्थान से तीसरी सबसे बड़ी श्रेणी बनकर उभरा है। अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पोस्ट में भारत को विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता देश बताया। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में भारत का आगे बढ़ना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यापक इकोसिस्टम विकसित करने के दृष्टिकोण से प्रेरित है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए पी एल आई योजना से 13 हजार चार सौ 75 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित हुआ है और नौ लाख 80 हजार करोड़ रुपये मूल्य का उत्पादन किया गया है।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी व दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

**प्रधानमंत्री दक्ष वित्तपोषण योजना**

प्रधानमंत्री दक्ष वित्त पोषण योजना के अंतर्गत दिव्यंगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और सम्मान जनक जीवन प्रदान करने के लिए अनेक प्रोत्साहन दिये जा रहे हैं। ऊना ज़िले के 8 हज़ार से अधिक दिव्यांगजनों को इस योजना के माध्यम से मासिक पेंशन प्रदान की जा रही है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे उना जिला संवाद्दाता–––

*दिव्यांगजनों को आर्थिक सुरक्षा सम्मानजनक जीवन और आत्मनिर्भरता प्रदान करने हेतु प्रधानमंत्री दक्ष योजना से गुना जिला के लाभार्थियों को समावेशी शिक्षा कौशल विकास और समाज की मुख्य धारा से प्रभावी रूप से जोड़ने का शुभ अवसर मिल रहा है योजना के अंतर्गत ऊना जिला के 8 हजार 6 सौ 8 लाभार्थियों को इस योजना के माध्यम से सीधा लाभ पहुंच रहा है जिसमें 70 से 69 प्रतिशत विकलांगता वाले पुरुषों को 1150 रुपए तथा महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जा रही है वही 70 प्रतिशत किया इससे अधिक विकलांगता वाले पुरुषों एवं महिलाओं को 1700 रुपए प्रतिमाह की सहायता राशि दी जा रही है। यह योजना दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है और उन्हें आत्म सम्मान के साथ समाज के मुख्य धारा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही है ।*

## मौसम

प्रदेश में मौसम आमतौर पर शुष्क बना हुआ है। बीते 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में कोई बदलाव नहीं आया है। जनजातीय व कई ऊपरी क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान शून्य के आसपास दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 30 दिसंबर से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है वहीं मैदानी क्षेत्रों में मौसम साफ बना रहेगा। विभाग ने निचले पहाड़ी व मैदानी इलाकों में सुबह–शाम घना कोहरा छाए रहने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।